संचिका सं0-ब-14/बी0एस0जी0-307/2025- /वि0

स्मार पत्र

बिहार सरकार
वित्त विभाग

प्रेषक,

**रचना पाटिल** (भा0प्र0से0)
सचिव (व्यय) ।

सेवा में,

**अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव**
सभी विभाग(अल्पसंख्यक कल्याण, संसदीय कार्य, सामान्य प्रशासन, निगरानी विभाग एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को छोडकर)
**मिशन निदेशक, बिहार विकास मिशन,**
बिहार, पटना ।

पटना, दिनांक-

**विषयः-** **वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट उपस्थापन के समय माननीय वित्त मंत्री के बजट भाषण हेतु सामग्री भेजने के संबंध में।**

**प्रसंगः-** **वित्त विभागीय पत्रांक-994 दिनांक-18.12.2025**

महाशय,

वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट विधान मंडल के बजट सत्र में प्रस्तुत किया जाना हैं । माननीय वित्त मंत्री के बजट भाषण में वित्तीय वर्ष 2026-27 के भावी कार्यक्रमों/नीतियों/घोषणाओं एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 के क्रियान्वित किये जा रहे कार्यक्रमों/परियोजनाओं की उपलब्धियों का समावेश किया जाना है।

2. इस संबंध में वित्त विभागीय पत्रांक-994 दिनांक-18.12.2025 द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के भावी कार्यक्रमों के साथ-साथ चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के उपलब्धियों का समावेश कर भाषण-सामग्री की **हार्ड एवं विभागाध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित एवं सम्पुष्ट प्रति** के साथ-साथ **सॉफ्ट प्रति (पेन ड्राइव) Kruti Dev 010 Fonts, MS Word, Size 16 (PDF स्वीकार्य नहीं)** में दिनांक-09.01.2026 तक उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया था, परंतु वांछित अभिलेख अब तक अप्राप्त है।

3. ध्यातव्य है कि माननीय वित्त मंत्री के बजट भाषण से सरकार की नीतियाँ एवं विकास कार्य परिलक्षित होता है । ऐसी स्थिति में यह अपेक्षित है कि **अभिभाषण सामग्री तथ्यपरक एवं विभागाध्यक्ष से संपुष्ट** होनी चाहिए ।

4. अतः पुनः अनुरोध है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के **भावी कार्यक्रमों एवं घोषणाओं** के साथ-साथ चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के उपलब्धियों का समावेश कर भाषण-सामग्री की **हार्ड एवं विभागाध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित एवं सम्पुष्ट प्रति** के साथ-साथ **सॉफ्ट प्रति (पेन ड्राइव/सी0डी0) Kruti Dev 010 Fonts, MS Word, Size 16 (PDF स्वीकार्य नहीं)** में दिनांक-**19.01.2026(सोमवार)** तक वित्त विभाग के बजट शाखा में उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

5. साथ ही, माननीय वित्त मंत्री के बजट भाषण, 2026 हेतु अपने-अपने विभागों के लिए एक नोडल पदाधिकारी को नामित करते हुए उनका नाम/पदनाम/मोबाईल नंबर उपलब्ध कराने की कृपा की जाय, जिनसे आवश्यकतानुसार सम्पर्क किया जा सके ।

**6. वित्तीय वर्ष 2026-27 की भावी कार्यक्रम एवं घोषणाओं के प्रतिवेदन की हार्ड कॉपी(Ms Word प्रति के साथ) सक्षम प्राधिकार से हस्ताक्षरित होनी चाहिए। कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दिया जाए।**

विश्वासभाजन
ह0/-
(रचना पाटिल)
सचिव (व्यय)

**ज्ञापांक**-ब-14/बी0एस0जी0-307/2025- 30 पटना, दिनांक- 12/01/2026

**प्रतिलिपि-** माननीय वित्त मंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी/अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव/सचिव(संसाधन) के आप्त सचिव/सचिव(व्यय) के आप्त सचिव/विशेष सचिव के आप्त सचिव/संयुक्त सचिव/संयुक्त आयुक्त/संबंधित अवर बजट नियंत्रक/संबंधित प्रशाखा पदाधिकारी/ सिस्टम एनलिस्ट (Website पर Upload करने हेतु) को सूचनार्थ एवं अवाश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

12.01.26

(नन्द किशोर मेहता)
संयुक्त सचिव